प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **केन्दीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा– अगले तीन साल में भारत बनेगी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के समारोह में हुए शामिल।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–जनता के हक और अधिकार को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, तेजी से देंगे रोजगार।**
3. **झारखंड विधानसभा का सत्र कल से होगा शुरू, सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों की आज अलग–अलग बैठक।**
4. **राज्य में उच्च जोखिम वाले 7 जिलों में आज चलेगा पोलियो प्रतिरक्षण अभियान।**
5. **मौसम विभाग ने आज और कल रांची, पलामू, समेत राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश का जताया पूर्वानुमान, गिरेगा पारा।**

*****************

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि अगले तीन साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। श्री प्रधान एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के होम कमिंग 2024 के उद्घाटन सह प्लैटिनम जुबली समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के इस दौर में भारत के विश्व गुरू बनने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक एक मेगा पावर हाउस बनाना है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि सरकार जनता के हक और अधिकार को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचीं पोषण सखी दीदियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने ये बातें कहीं। पिछले कार्यकाल में राज्य सरकार द्वारा पोषण सखी के पुनर्बहाल के निर्णय पर हर्ष जताते हुए और मुख्यमंत्री के प्रति पोषण सखी दीदियों ने आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर श्री सोरेन ने तेजी से रोजगार देने का संकल्प दोहराया।

*****************

झारखंड विधानसभा का सत्र कल से शुरू होगा। 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलने वाले सत्र को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इधर सत्र को लेक आज सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों अलग– अलग बैठक होगी। मुख्यमंत्री आवास में इंडी गठबंधन के विधायकों की दोपहर बाद बैठक होगी। इधर भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक प्रदेश कार्यालय में होगी। इन बैठकों में सत्र को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। दस दिसंबर को स्पीकर का चयन किया जाएगा और 11 दिसंबर को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024–25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा। 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद–विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

*****************

आजसू पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव–2024 के परिणाम की आज समीक्षा करेगी। रांची के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित होने वाली बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्यों और विधानसभा के प्रत्याशियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान चुनाव परिणाम से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 11 दिसंबर को नई दिल्ली में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायती राज संस्थाओं को सम्मानित करेंगी। वर्ष 2022–23 के लिए विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 45 पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया है। ये पुरस्कार पंचायत स्तरीय शासन और सामुदायिक विकास में उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला को दर्शाते हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता में 1.94 लाख ग्राम पंचायतों ने भाग लिया। 42 पुरस्कार विजेता पंचायतों में से 42 प्रतिशत पंचायतें महिलाओं के नेतृत्व वाली है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तपेदिक से अधिक प्रभावित जिलों पर विशेष ध्यान देने के साथ सौ दिन के विशेष अभियान की शुरूआत से तपेदिक के खिलाफ देश की लड़ाई और मजबूत हुई है।

श्री मोदी ने कहा कि देश में रोगियों को दोगुनी सहायता, जन भागीदारी, नई दवाओं, प्रौद्योगिकी के उपयोग और बेहतर नैदानिक उपकरणों के साथ बहु–आयामी तरीके से तपेदिक बीमारी से लड़ रहा है। उन्होंने सभी से मिलकर टीबी को खत्म करने में अपना योगदान देने की अपील की।

*****************

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नडडा ने कहा है कि टीबी यानि तपेदिक मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोई कसर नहीं छोडी जाएगी। श्री नड्डा ने हरियाणा के पंचकूला में एक सौ दिन के टी बी उन्मूलन अभियान की शुरूआत करने के बाद कहा कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने में यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा।

****************

पोलियो मुक्त भारत बनाये रखने के लिए उच्च जोखिम वाले राज्य के सात जिलों में आज से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं। 8 से 10 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी।

****************

जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल के नये भवन के बर्न वार्ड और बच्चों के एनआइसीयू, आइसीयू सहित अन्य जगहों को सेंसर युक्त आधुनिक फायर सिस्टम से लैस कर दिया गया है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

मौसम विभाग ने रांची, पलामू, समेत राज्य के कई जिलों में आज और कल हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है । रांची मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण ही कई जिलों में बारिश की संभावना है। जिससे तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी।

*****************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विधानसभा सत्र की तैयारी और पूजा सिंघल को जमानत मिलने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- **प्रभात खबर की सुर्खी है–** 28 महीने बाद पूजा सिंघल को मिली जमानत,जेल से बाहर निकली।
- **दैनिक भास्कर ने लिखा है**–आज से दो दिन रांची में होगी बारिश।
- **हिन्दुस्तान लिखता है–विधानसभा का विशेश सत्र कल से, विधायक लेंगे शपथ।**
- **दैनिक जागरण के शब्द हैं–** ढाई वर्ष बाद जेल से बाहर निकलीं पूजा सिंघल।
- **अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने** पोषण सखियों से मुख्यमंत्री की मुलाकात जबकि **द टाइम्स ऑफ इंडिया ने** रक्षा राज्य मंत्री से रंगदारी मांगने की जांच करने पहुंची दिल्ली पुलिस की खबर को प्रमुखता से जगह दी है।

*******समाप्त**********